>

Title: Need to provide better rail connectivity to Kaushambi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh-laid.

श्री शैलेन्द्र कुमार (कौशाम्बी): कौशाम्बी उत्तर प्रदेश एक ऐतिहासिक, धार्मिक एवं व्यवसायिक नवसृजित जिला है। इस जिले में तीन ट्रेनों का अप डाउन ठहराव था (चौरी चौरा एक्स., तूफान एक्स., 12 डाउन एक्स.) एवं जिनका 20 दिसम्बर से रेल मंत्रालय द्वारा भरवारी, सिराथू स्टेशनों पर ठहराव रद्द करने की योजना है , जिससे यात्रियों को बहुत असुविधा होगी। यात्रियों की मांग है कि (महानन्दा एक्स., मूरी एक्स.) का स्टापेज सिराथू एवं भरवारी स्टेशनों पर अप, डाउन दोनों किया जाये। व्यावसायिक जिला होने के कारण एक ट्रेन भरवारी, सिराथू से मुम्बई के लिए चलाई जाये। बहुत दिनों से सिराथू स्टेशन पर कम्प्यूटरिकृत टिकट आरक्षण केन्द्र खोलने की मांग है, जो लम्बित है। उक्त समस्याओं को लेकर कई बार स्थानीय लोगों एवं किसान यूनियन के लोगों ने धरना प्रदर्शन भी किया है। मैं रेल मंत्रालय से मांग करता हूं कि उक्त समस्याओं पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित कराने की कृपा करें।